# तू बांह पकड़ ले बाबा मेरा मन घबरावे रे भजन लिरिक्स

तू बांह पकड़ ले बाबा,
मेरा मन घबरावे रे,
तू लीले चढ़ के आजा,
तेरा लाल बुलावे रे,
तू बाँह पकड़ ले बाबा।bd।

तर्ज – आ जाओ भोले बाबा।

---

दुनिया ने इतना सताया,
मैं हार गया बाबा,
सुनकर के तेरी महिमा,
तेरे द्वार गया बाबा,
तेरे दर्शन को मेरी अँखियाँ,
रो रो नीर बहावे रे,
तू लीले चढ़ के आजा,
तेरा लाल बुलावे रे,
तू बाँह पकड़ ले बाबा।bd।

---

मेरी फसी भवर में नैया,
हिचकोले खावे रे,
बिन मांझी के ओ सांवरे,
कुण पार लगावे रे,
अपने भक्तों के दुखड़े,
सब दूर भगावे रे
तू लीले चढ़ के आजा,
तेरा लाल बुलावे रे,
तू बाँह पकड़ ले बाबा।bd।

---

हारे का बना सहारा,
मेरा लीले वाला श्याम,
'वंदना' की अर्ज़ी यही है,
मुझे रख लो खाटू धाम,
तेरे दर पे जो भी आवे,
वो मौज उड़ावे रे,
तू लीले चढ़ के आजा,
तेरा लाल बुलावे रे,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तू बांह पकड़ ले बाबा,
मेरा मन घबरावे रे,
तू लीले चढ़ के आजा,
तेरा लाल बुलावे रे,
तू बाँह पकड़ ले बाबा।bd।

**Singer & Writer – Vandana Arora Gandhi**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com